## महत्वपूर्ण एवं खास

### शिक्षा का मंदिर हुआ शर्मसार, छात्रा से हुआ अनाचार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में शिक्षा के मंदिर में इंसानीयत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. सेंट जोसेफ सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में ही एक छात्रा के साथ 11 वीं कक्षा के आरोपी छात्र ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है. इस घटना ने स्कूल में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है. वहीं सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया है. सूत्रों के अनुसार आरोपी छात्र एक पुलिस आरक्षक का बेटा है. छत्तीसगढ़ में यह पहला मामला है जब स्कूल के अंदर ही हैवानियत को अंजाम दिया गया है.जानकारी के मुताबिक पीड़ित छात्रा घटना के बाद से डर में थी और बीते 2 महीनों से स्कूल जाने से मना कर रही थी. परिजनों के काफी पूछने पर छात्रा ने अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजनों ने छात्रा के साथ पुलिस थाने पहुंच कर मामले की शिकायत दर्ज कराई है. फिलहाल पुलिस इस मामले में आरोपी छात्र से पूछताछ कर रही है।

### आईईडी ब्लास्ट करने वाले तीन नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा-रायपुर (आरएनएस)।** सर्चिंग के दौरान पुलिस ने मुलेर मार्ग के पास आईईडी बम ब्लास्ट के 3 आरोपी नक्सली को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार नक्सलियों से इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, पावर बैटरी भी बरामद की गई है. गिरफ्तार नक्सलियों में कोवासी देवा 1 लाख का ईनामी, पांडू मुचाकी, जोगा कवासी को, बस्तर फाइटर्स, और अरनपुर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया.

### उत्कृष्ट जांजगीर चांपा अभियान मासिक परीक्षा में टॉप करने वाले बच्चों ने किया कुदरी बैराज का भ्रमण

**उत्कृष्ट जांजगीर चांपा अंतर्गत जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विभिन्न नवाचार**

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले के शिक्षा स्तर को बढ़ावा देने के लिए नियमित मासिक परीक्षाओं के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बोलेगा बचपन, पढ़ाई का कोना, आज हमने क्या सीखा, पुस्तक दान अभियान, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा मॉक टेस्ट, शैक्षणिक भ्रमण सहित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में अक्टूबर-नवम्बर माह की मासिक परीक्षा में जिले की 10वीं और 12वीं कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कुदरी बैराज भ्रमण के लिए ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में मासिक परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों को शिवरीनारायण, क्रोकोडाइल पार्क कोटमी सोनार एवं साइंस सेंटर रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया था। शिक्षा में नवाचार से जिले के छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी जो भविष्य में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

### आरक्षक ने फांसी लगाकर दी जान

**राजनांदगांव-रायपुर (आरएनएस)।** जिले से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक आरक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि आरक्षक का शव पेड़ में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, घटना खैरागढ़ का है। जहां आरक्षक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। बताया जा रहा है कि आरक्षक खैरागढ़ जालबांधा में पदस्थ था। आपको बता दें कि यहां आरक्षक भर्ती मामले में 14 संदेही की जांच हो रही थी। इस जांच में आरक्षक भी शामिल था। हालांकि आरक्षक किसी वजह से मौत को गले लगाया है इस बात की जानकारी समाने नहीं आई है। फिलहाल पुलिस आरक्षक के शव को पीएम के लिए भेज कर मामले की जांच कर रही है। इधर इस घटना के बाद पूरे पुलिस विभाग में हडक़ंप मचा हुआ है।

# नशीली दवाओं के अवैध बिक्री पर लगातार हो कार्यवाही- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- कलेक्टर गोयल ने कहा पकड़े गए नशीले पदार्थों को विधिवत नष्ट करें, युवाओं में जागरुकता लाने उन्हें भी यह प्रक्रिया दिखाएं और नशे के दुष्परिणाम व इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दें
- सड़कों किनारे भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर कार्यवाही के निर्देश
- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने लॉ एण्ड आर्डर के संबंध में अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लॉ एण्ड आर्डर के संबंध में जिले के सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि दवाई दुकानों से बिना डॉक्टर की पर्ची के नशीली दवाईयों के विक्रय पर सख्ती से कार्यवाही करें। उन्होंने सभी ड्रग इंस्पेक्टर से बीते माह के दौरान की गई जांच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर गोयल ने कहा कि ऐसी दवाएं जो नारकोटिक्स के अंदर आती है, इनका बिना पर्ची के बिकना, इनके स्टॉक में अंतर जैसे मामलों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर से कहा कि ऐसे मामले आते है तो तत्काल पुलिस को सूचना देते हुए कार्यवाही करें। कलेक्टर गोयल ने आबकारी विभाग को कहा कि अवैध शराब बिक्री के मामलों पर लगातार कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने आबकारी अधिकारी से कहा कि पूरे विभागीय अमले नियमित रूप से फिल्ड में कार्यवाही सुनिश्चित करवायें। कलेक्टर गोयल ने कहा कि पकड़े गए नशीले पदार्थों को विधिवत नष्ट करें। उन्होंने कहा कि युवाओं और स्कूल कॉलेज के छात्रों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए उन्हें भी नशीले पदार्थों को नष्ट करने की प्रक्रिया को दिखाएं। इस दौरान उन्हें नशे के दुष्परिणाम और इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दें।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सड़क किनारे कच्चा माल, औद्योगिक उत्पाद परिवहन करने वाली गाडिय़ों को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि ये गाडिय़ां सड़क किनारे पार्किंग नहीं होनी चाहिए। इससे यातायात व्यवस्था बिगड़ती है और दुर्घटनाओं की संभावना काफी बढ़ जाती है। उन्होंने खासकर रायगढ़ से पूंजीपथरा-घरघोड़ा मार्ग पर वाहनों की पार्किंग को लेकर एसडीएम तथा ट्रेफिक डीएसपी को विशेष नजर रखने के लिए कहा। जो भी अवैध रूप से वाहन सड़क किनारे पार्क कर रहा है उस पर अनिवार्य रूप से कार्यवाही करें। उन्होंने परिवहन नियमों के उल्लंघन की जांच हेतु गठित संयुक्त दल को भी नियमित रूप से जांच और कार्यवाही करने के लिए कहा। नेशनल हाईवे विभाग के अधिकारियों से कहा कि दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सड़कों पर साईनेज रिफलेक्टर लगे होने चाहिए। उन्होंने शहर में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए नगर निगम व ट्रेफिक पुलिस को मिलकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा, एसडीएम घरघोड़ा रमेश कुमार मोर, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, एसडीएम लैलूंगा अक्षा गुप्ता सहित, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**सोशल मीडिया में अफवाहों पर तुरंत उठाएं एहतियाती कदम**

कलेक्टर गोयल ने अधिकारियों से कहा कि सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार के अफवाह और फेक न्यूज पर तुरंत संज्ञान लेकर वस्तु स्थिति स्पष्ट करें तथा एहतियाती कदम उठाएं। जिससे किसी प्रकार की लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था एवं आपसी सौहाद्र्र के लिए एहतियात बरतना बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए।

**धान खरीदी के दौरान लॉ एंड ऑर्डर को लेकर रहें अलर्ट**

कलेक्टर गोयल ने कहा कि अभी धान खरीदी चल रही है। इस दौरान पूरे जिले में राजस्व और पुलिस अधिकारी लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था को लेकर अलर्ट रहें। अवैध धान परिवहन के मामलों पर नियमित रूप से कार्यवाही जारी रहनी चाहिए। इसके साथ ही खरीदी केंद्रों में किसानों से सुचारू ढंग से धान खरीदी हो यह सुनिश्चित किया जाए।

## मेसर्स एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड में जांच के बाद की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

- कारखाने के रोलिंग मिल को निर्माण प्रक्रिया संचालित करने हेतु उपयोग में लिये जाने के लिये किया गया प्रतिबंधित
- जांच में मिली कमियों के आधार पर की गई कार्यवाही

**रायगढ़**

मेसर्स एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड, ग्राम व पो.-जामगांव, रायगढ़ में बीते दिनों हुए दुर्घटना में एक व्यक्ति के मृत्यु के संबंध में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा प्लांट की जांच की गई। जिसमें मजदूरों की सुरक्षा को लेकर इंतेजाम में खामियां पाए जाने पर श्रमिकों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कारखानें के रोलिंग मिल (टीएमटी मिल) को निर्माण प्रक्रिया संचालित करने हेतु उपयोग में लिये जाने के लिये प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने उद्योगों में श्रमिकों की सुरक्षा में लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मनीष श्रीवास्तव उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने बताया कि औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा एवं उप मुख्य कारखाना निरीक्षक, छ.ग. शासन रायगढ़ द्वारा कारखाने के अधिभोगी-श्री प्रदीप कुमार डे एवं कारखाना प्रबंधक-श्री बी.के. सिंह को कारखाने के रोलिंग मिल (टीएमटी मिल) को निर्माण प्रक्रिया संचालित करने हेतु उपयोग में लिये जाने के प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश तब जक जारी रहेगा जब तक कि रिपीटर से मिस रोल होने वाले मटेरियल के मूव्हमेंट पर नियंत्रण के लिये एक समूचित व्यवस्था सुनिश्चित नहीं कर ली जाती है। रोलिंग मिल की चलायमान स्थिति में स्टैण्ड के समीप श्रमिकों के नियोजन को प्रतिबंधित नहीं कर दिया जाता है। रोलिंग मिल में विभिन्न कार्यो के लिये एक स्टैण्डर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर निर्धारित नहीं कर लिया जाता है तथा इसका प्रशिक्षण रोलिंग मिल में कार्यरत सभी श्रमिकों को प्रदान किया जाना सुनिश्चित नहीं कर लिया जाता है एवं की गयी कार्यवाही की जानकारी दस्तावेजी प्रमाण के साथ कारखाना निरीक्षक के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर दी जाती है।

## मेटाडोर पलटी,चार की मौत 20 से अधिक घायल

**बस्तर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के दरभा में एक भीषण सडक़ हादसा हुआ है। इस हादसे में चार ग्रामीणों की मौके पर मौत हो गई है। वहीं कई घायल बताये जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार, बस्तर जिले के दरभा थाना क्षेत्र के चांदामेटा गांव के पास एक मेटाडोर अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा इतना भयानक था कि कि वाहन पलटने से वाहन में सवार लोग छिटक कर दूर जा गिरे। और इस हादसे में तीन महिलाओं और एक पुरूष को गंभीर चोट आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई वहीं लगभग दो दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल 108 पर सूचना देकर एंबुलेंस बुलाया और सभी घायलों को इलाज के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां सभी का ईलाज चल रहा है। बताया जाता है सभी ग्रामीण वाहन में सवार होकर बाजार गये थे जहां से वे वापस लौट रहे थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 232 लोग हुए लाभान्वित

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन व सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में रायगढ़ में निक्षय निरामय छ.ग.100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 7 दिसंबर से शुभारंभ किया गया है। अभियान के तहत 19 दिसम्बर 2024 को मोदी नगर स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रात: 10 बजे से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आये हुए मरीजों का चिकित्सक/कर्मचारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं नि:शुल्क लैब जांच एवं दवा वितरण किया गया। शिविर के अंतर्गत 189 लोगों का एन.सी.डी. के अंतर्गत परीक्षण किया गया। जिसमें बी.पी 35 तथा मधुमेह जाँच में 24 नये मरीज चिन्हांकित हुए। इसी तरह 25 लोगों का नेत्र जांच एवं 60 लोगों का टी.बी तथा कुष्ठ जांच किया गया। शिविर में कुल 232 लोग लाभान्वित हुए। शिविर के साथ-साथ स्वास्थ्य मितानिन सम्मेलन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिविर में आये हुए 21 मरीजों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया जिनमें से 08 लोग 70 से अधिक उम्र के थे। शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पी.डी.बस्तिया एवं मोदी नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के.डी. पासवान के अलावा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थित रहे।

## जिले के किसानों को मिली मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पाती

- किसानों ने कहा कृषक उन्नति योजना से हमारी आर्थिक सशक्तिकरण की राह हो रही मजबूत
- उपार्जन केन्द्रों में आयोजित किया गया किसान सम्मेलन

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सभी किसानों को पत्र लिखकर राज्य सरकार की कृषक हितैषी नीतियों के निर्माण और उसके क्रियान्वयन को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता जाहिर की है। रायगढ़ जिले में 21 दिसंबर को सभी उपार्जन केंद्रों में हमारा गर्व धान खरीदी का महापर्व का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों को संबोधित अपने पत्र में लिखा है कि अन्नदाता किसान भाईयों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिछले साल शपथ ग्रहण के एक पखवाड़े के भीतर ही हमने धान के दो वर्ष के बकाया बोनस की राशि देने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के मुताबिक हमने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा। परिणाम स्वरूप पिछले वर्ष रिकार्ड कीमत पर, रिकार्ड समय में, रिकार्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। बीते खरीफ सीजन में हमने किसान भाईयों के खाते में करीब 49 हजार करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि मैं अपने किसान भाईयों को उनकी मेहनत और उपज का वाजिब मूल्य दिला पा रहा हूं। कृषि को समृद्ध और उन्नत बनाने के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार दोनों ने ही कृषि के बजट में वृद्धि की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत का यह सपना अन्नदाताओं को समृद्ध बना कर ही पूरा होगा।

किसानों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भेजी गई पाती का वितरण आज पूरे जिले में किया गया। खरसिया ब्लॉक के नन्दगांव के किसान संगीत राठिया ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पत्र मिलने पर हर्ष जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार द्वारा लगातार कृषक हितैषी नीतियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश कृषि प्रधान है। सरकार इसका ध्यान रखते हुए किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछली बार उन्होंने 133 क्विंटल धान बेचा था। जिसमें मुझे समर्थन मूल्य में 2 लाख 90 हजार 775 और कृषक उन्नति योजना से 1 लाख 22 हजार 144 सहित कुल 4 लाख 12 हजार 919 रुपए मिले। उक्त राशि से मैने एक रोटावेटर खरीदने और नलकूप खनन करवाने के साथ ही खाद बीज दवाई खरीदने में किया। कुछ पैसे बच्चों की पढ़ाई में लगाए। कृषक उन्नति योजना से हम जैसे किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम देकर सरकार हमारे आर्थिक सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है। इसी प्रकार महापल्ली के किसान छबिलाल गुप्ता ने कहा कि सरकार ने अपना वादा निभाया है और 31 सौ रुपए के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी की जा रही है। यह किसानों के लिए खुशी की बात है। इससे किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पिछली बार उन्होंने 3 एकड़ में धान बेचा था। उन्हें कृषक उन्नति योजना से 56 हजार बोनस की राशि मिली। समर्थन मूल्य के अतिरिक्त मिली यह राशि खेती किसानी के कार्य को आगे बढ़ाने में काम आ रही है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा एक साल पूरे होने पर 'सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल' कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले की सभी सहकारी समितियों एवं उपार्जन केन्द्रों में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां किसानों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भेजी गई पात्री का वितरण किया गया।

## सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर सेना द्वारा चलाया गया वृहद सफाई अभियान

**रायगढ़**



छत्तीसगढ़ शासन की मंशा और नगर सेना नागरिक सुरक्षा मुख्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार सुशासन के एक साल पूर्ण होने के अवसर पर जिला सेनानी बी.कुजूर के मार्गदर्शन में नगर सेना के जवानों ने सर्किट हाऊस परिसर रायगढ़ में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नगर सेना के 50 जवान शामिल थे।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और छत्तीसगढ़ को स्वच्छ एवं स्वस्थ राज्य के रूप में विकसित करना था। अभियान के दौरान प्लास्टिक कचरे का निपटान, सूखे और गीले कचरे का अलग-अलग प्रबंधन और स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह सफाई अभियान छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन और स्वच्छता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शासन का मानना है कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से न केवल स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी आता है। नगर सेना के जवानों ने स्वच्छता अभियान के माध्यम से लोगों को संदेश दिया कि स्वच्छ और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

## ट्रांसपोर्ट ऑफिस में हुई चोरी का पर्दाफाश : 6 आरोपी गिरफ्तार, ट्रेलर टायर और बैटरियां बरामद

- आरोपियों में चार चोर और दो चोरी की संपत्ति के खरीददार शामिल
- आरोपियों से 93,000 रुपए की संपत्ति जब्त, चोरी और संगठित अपराध की धाराओं पर घरघोड़ा पुलिस ने की कार्रवाई

**रायगढ़**



एसपी दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन पर अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में संगठित होकर अपराध करने वालों पर पुलिस भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में घरघोड़ा पुलिस ने एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए ट्रांसपोर्ट ऑफिस से चोरी करने वाले चार आरोपियों और चोरी की संपत्ति खरीदने वाले दो लोगों सहित कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की संपत्ति—ट्रेलर टायर, बैटरी और अन्य उपकरण—कुल 93,000 रुपये की बरामद की है।

घटना की रिपोर्ट कल 20 दिसंबर को गौरव नागवानी ने दर्ज कराई, जो बिलासपुर निवासी और हनुमान फ्रेट कैरियर के संचालक हैं। उनके अनुसार, कंपनी का घरघोड़ा, भालूमार स्थित कार्यालय में 16 दिसंबर 2024 को चोरी हुई। चोर ऑफिस का दरवाजा तोड़कर जैक रॉड, व्हील पाना, टायर खोलने की मशीन और बाहर खड़े ट्रेलर के टायर, डिस्क और GPS डिवाइस लेकर फरार हो गए।

जांच के दौरान, कंपनी के चार कर्मचारियों—रामेश्वर पटेल, राकेश दास, ताराचंद सायशेरा और शमशेर अंसारी—पर शक हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया और चोरी की संपत्ति को सद्दाम खान और मोहम्मद सद्दाम हुसैन को बेचने की जानकारी दी।

**पुलिस की कार्रवाई**

थाना घरघोड़ा में आरोपियों पर अपराध क्रमांक 362/2024 धारा 331(4), 306, 3(5) बीएनएस कायम कर निरीक्षक रामकिंकर यादव द्वारा अपने स्टाफ के साथ चोरी की विस्तृत जांच के लिये तत्काल चारों आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

आरोपियों ने चोरी के संम्पत्ति को सद्दाम खान इलेक्ट्रेशियन घरघोडा शराब भट्ठी बाईपास एवं मोह. सद्दाम हुसैन घरघोडा बाईपास शहेशाह छत्तीसगढ टायर पंचर दुकान के पास बेचना बताये। पुलिस टीम द्वारा चोरी की संपत्ति खरीदने वाले सद्दाम खान और मोह. सद्दाम हुसैन को हिरासत में लिया गया, आरोपियों द्वारा चोरी का सामान छिपाने तथा छोटे संगठित गिरोह के रूप में अपराध को अंजाम देना पाये जाने पर प्रकरण में धारा 238, 112(2), 317(2), 317(5) बीएनएस जोडी गई। प्रकरण के आरोपी रामेश्वर पटेल से 02 नग सीईएटी टायर डिस्क सहित एवं टायर निकालने वाला मशीन कीमती 38,000 रूपये, शमशेर अंसारी से 02 नग सीईएटी टायर डिस्क सहित कीमती 35,000 रूपये, ताराचंद सायशेरा से 02 नग एक्साईड कंपनी का 12 वोल्ट वाला बैटरी कीमती 10,000 रूपये एवं आरोपी राकेश दास पनिका से 02 नग एक्साईड कंपनी का 12 वोल्ट वाला बैटरी कीमती 10,000 रूपये को जप्त कर (कुल जुमला 93,000 रूपये) बजाप्ता शुमार किया गया। प्रकरण के आरोपियों को कल रात्रि गिरफ्तारी की कार्रवाई कर आज रिमांड पर भेजा गया है। रायगढ़ पुलिस की संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

**गिरफ्तार आरोपी :-**

1. रामेश्वर पटेल पिता स्व. श्याम लाल पटेल उम्र 32 साल साकिन कुरदा थाना चांपा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.
2. शमशेर अंसारी पिता खुर्शीद अंसारी उम्र 24 साल साकिन बालाझकडा थाना डंडई जिला गढवा झारखंड
3. ताराचंद सायशेरा पिता सुंदर लाल सायशेरा उम्र 24 साल साकिन बुंदेली थाना मालखरौदा जिला सक्ति छ.ग.
4. राकेश दास पनिका पिता कपिल दास उम्र 29 साल सा. 15 ब्लाक पंप हाउस अटल अवास कोरबा छ.ग.
5. सद्दाम खान पिता मकसूद आलम उम्र 25 साल सा. वार्ड नं. 05 छाल रोड घरघोडा जिला रायगढ छ.ग.
6. मोह. सद्दाम हुसैन पिता मो. कुर्बान अंसारी उम्र 26 साल सा. टेक्नारी थाना पातेपुर जिला वैशाली बिहार

**बरामदगी :-**

(1) 04 नग सीईएटी टायर डिस्क सहित (2) टायर निकालने वाला मशीन (3) 04 नग एक्साईड कंपनी का 12 वोल्ट वाला बैटरी जुमला 93,000 रूपये

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर निरीक्षक राम किंकर यादव थाना प्रभारी घरघोड़ा, सहायक उप निरीक्षक विल्फ्रेड मसीह, आरक्षक दिनेश सिदार, चन्द्रशेखर चन्द्राकर, प्रहलाद भगत और खगेश्वर नेताम की सराहनीय भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480